# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 28.03.2025 (दोपहर–1455 बजे)

राज्य की विधि व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप –प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य की कानून व्यवस्था को लेकर हेमंत सोरेन सरकार पर तीखा हमला बोला है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर उन्होंने राजधानी रांची में हुई दो हत्याओं का जिक्र करते हुए सरकार से इसकी जिम्मेदारी लेने की मांग की। श्री मरांडी ने चेतावनी दी कि अगर सरकार कार्रवाई नहीं करती, तो विपक्ष भी पलटवार के लिए तैयार है।

********************

रांची में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय के क्षेत्रीय कार्यालय में आज हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। उपमहानिदेशक डॉक्टर विनीत कुमार ने बताया कि हिंदी के प्रचार–प्रसार के लिए नियमित रूप से विभाग ऐसी कार्यशालाएं आयोजित कर रहा है।

कार्यशाला में रांची विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. जितेंद्र सिंह ने कर्मचारियों को हिंदी के महत्व और उसके प्रयोग पर विस्तृत जानकारी दी।

********************

बोकारो जिले में एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बिहार सरकार की मंत्री रेणु देवी शामिल हुईं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने दावा किया कि बिहार में किसानों के हित में कई कार्य हुए हैं, नदियों को जोड़ा जा रहा है और गंगा का पानी गया तक पहुंचाया जा चुका है।

********************

महिला और बाल विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदक पहली अप्रैल से राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। मंत्रालय के बयान के अनुसार भारत में रहने वाले ऐसे बालक जो स्वदेशी नागरिक हैं और 31 जुलाई 2025 तक 5 वर्ष से 18 वर्ष के बीच के आयु वर्ग में शामिल हैं, इन पुरस्कारों के लिए पात्र होंगे। मंत्रालय बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण तथा कला और संस्कृति में उपलब्धियों के लिए असाधारण बालक–बालिकाओं को सम्मानित करने के लिए हर साल प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार का आयोजन करता है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है।

********************

सरायकेला जिले के एन आर प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षा विभाग ने पीएम श्री मेला का आयोजन किया। मेले में झारखंड की पांच प्रमुख भाषाओं–संथाली, हो, मुंडारी, उड़िया और बंगाली की सांस्कृतिक झलक देखने को मिली।

********************

पाकुड़ जिले में सूचना और जन संपर्क विभाग ने सामाजिक कुरीतियों जैसे डायन बिसाही, बाल विवाह, नशा मुक्ति और साइबर फ्रॉड की रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की। इसमें स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, मुखियाओं सहित सिविल और पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

********************

देवघर जिले में नया समाहरणालय भवन बनकर तैयार हो गया है।

********************

मौसम विभाग के अनुसार, राज्य में अगले दो दिनों के दौरान मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं हैं। अगले कुछ दिनों में राज्य में बारिश की कोई संभावना नहीं है, जबकि अधिकतम तापमान 33 से 35 डिग्री सेल्सियस के बीच रहेगा।

**********************

इंडियन प्रीमियर लीग क्रिकेट में कल रात हैदराबाद में लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से हरा दिया। प्रतियोगिता में आज चेन्नई में रॉयल चौलेंजर्स बैंगलूरू का सामना चेन्नई सुपर किंग्स से होगा। मैच शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा।

******************